# वैकल्पिक ऊर्जा, सड़क सुरक्षा व पर्यावरण पर विमर्श आज

## दैनिक जागरण और इन्वेस्ट यूपी का ग्रीन भारत सेमिनार आज, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे शुभारंभ

जासं • लखनऊ : पर्यावरण संरक्षण के लिए वैकल्पिक ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता तथा सड़क सुरक्षा की खामियों पर पहली बार शनिवार को एक मंच पर वृहद विमर्श होगा। दैनिक जागरण तथा इन्वेस्ट यूपी के तत्वावधान में आयोजित हो रहे ग्रीन भारत सेमिनार का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोमती नगर के होटल ग्रैंड हयात में सुबह दस बजे करेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इसमें विशेष वक्ता होंगे। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। सेमिनार में ग्रीन मोबिलिटी तथा ईवी बाजार के भविष्य के साथ ही सड़क सुरक्षा-यातायात प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण पर भी विमर्श होंगे। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वक्ता ग्रीन मोबिलिटी की आवश्यकता, संभावना तथा चुनौतियों पर मंथन करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (फाइल)

शुभारंभ के बाद आइआइटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर हरित दृष्टिकोण पर अपने विचार रखेंगे। अगले सत्र में ग्रीन मोबिलिटी की संभावनाओं और चुनौतियों पर आईईटी लखनऊ निदेशक प्रो. विनीत कंसल, आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के सेक्टर हेड पावर कुश सिंह, इंटरनेशनल काउंसिल आन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के प्रबंध निदेशक अमित भट्ट के साथ यूपीनेडा के सचिव पंकज सिंह वार्ता करेंगे। तेजी से बढ़ रहे ईवी इंडस्ट्री के बाजार पर आटो नेक्स्ट के सीओओ पंकज गोयल, टाटा मोटर्स के डिप्टी जरनल मैनेजर जीशान रजा, ग्रीनसेल मोबिलटी के बिजनेस हेड जितेंद्र सिंह, अदाणी एनर्जी के रीजनल हेड विवेक आनंद तथा वोल्टिक ईवी चार्जिंग के सीईओ वरुण चतुर्वेदी बात करेंगे। दोपहर एक बजे से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का संबोधन होगा। सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी उप्र. को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने का रोडमैप बताएंगे। सुदृढ़ अर्थव्यवस्था और स्वस्थ पर्यावरण पर बात करने के लिए इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश मंच पर होंगे। इनके साथ वन निगम के प्रबंध निदेशक सुनील चौधरी, केजीएमयू में पल्मोनरी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकांत, अशोक लीलैंड के महाप्रबंधक शक्ति सिंह तथा सुपर हाउस ग्रुप के प्रबंध निदेशक मुख्तारुल चर्चा करेंगे। सेमिनार में सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर महत्वपूर्ण सत्र होगा, इसमें अपर आयुक्त आयुक्त परिवहन पुष्पसेन सत्यार्थी, एडीजी ट्रैफिक सत्यनारायण तथा पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता प्रभात चौधरी के साथ वरिष्ठ पत्रकार रूमा सिन्हा विमर्श करेंगे। समापन अवसर पर परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह सड़क सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सजग प्रहरी सम्मान देंगे।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी (फाइल)